हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–137 : जौनपुर, शनिवार 28 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया लोकबंधु चिकित्सालय में नेत्र शिविर का शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 74 वें गणतंत्र दिवस की भव्यता को निरंतर बनाए रखने के क्रम में दिनांक 27.01.2023 को मोतियाबिंद ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विशाल नेत्र शिविर नेत्र विभाग में लगाया गया, इसका लाभ समस्त जनमानस को मिलना शुरू हो गया, इस भव्य शिविर का शुभारंभ उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक के कर कमलों द्वारा किया गया, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस नेत्र शल्य शिविर जो मोतियाबिंद का आधुनिक फेको विधि इस चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा है, इसके लिए चिकित्सालय प्रशासन के द्वारा नित नए आयामों की निरंतरता बनाए रखने के लिए भूरि भूरि प्रशंशा की, और कहा जो भी उपकरण एवम मानव संसाधनों की आवश्यकता होगी वो समयबद्ध पूरी की जायेगी, जनमानस की स्वास्थ्य सेवाओं के आवश्यकता की देखते हुए शिविर के प्रति माह संख्या की बढ़ाए जाने के किए निर्देश भी दिए, चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इस आधुनिक फेको विधि से मरीजों को लाभ मिलेगा, और मरीज जल्द ही घर जाकर रोजमर्रा को कामों को कर पाएंगे, ताकि उनको कोई आर्थिक क्षति नहीं होगी, उप मुख्य मंत्री ने पीडिया वार्ड में



दौरा कर भर्ती बच्चो को लर्निंग स्किल विकसित करने के लिए किताबे, लर्निंग गेम्स उपहार दिए, और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछा, सभी प्रकार के मानक पूर्ण मिली। निदेशक डॉक्टर दीपा त्यागी ने उप मुख्यमंत्री के इस प्रशंशा हेतु हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। और कहा ऐसे विशाल एवम आधुनिक शल्य नेत्र शिविरो की संख्या में इजाफा कर जन मानस को और अधिक स्वास्थ्य लाभ दिया जायेगा। ऑपरेशन टीम में डॉक्टर विनय वर्मा सिस्टर आभा द्विवेदी सिस्टर किरण सचान जया माथुर रहे। कुल 25 फेको ऑपरेशन हुए।

## गणतंत्र दिवस पर जनकल्याण महासमिति ने फहरांया झंडा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आजादी के अमृतकाल में विराम खंड 5 गोमतीनगर के वरिठ्जनो ने 74 वें गणतत्र दिवस पर बड़े उत्साह के साथ झंडा फहराया।इस अवसर विराम 5, गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष व पर्यावरणविद डॉ भरत राज सिंह आदि ने गणतंत्र दिवस पर जी 20 की अध्यक्षता से भारत को दुनिया पर मिले सम्मान तथा भारत के प्रथम राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद द्वारा दिये गये संदेश कि सफल गणतंत्र में सहिष्णुता की भावना व सद्बुद्धि का प्रयास अलोकित होने को याद किया गया। देश विश्व में पाचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर पहुंच चुका है और रक्षा, खाद्यान, चिकित्सा तथा अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक बडी छलांग लगा चुका है, इसपर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। राष्ट्रपति, श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा वेदिक मंत्र ''आ नो भद्राः क्रतवो यंतु विश्वतः '' (अच्छे विचारो को चारो तरफ आने दे) बताया गया कि यह एक अपने संविधान का मूलमंत्र व महानता को प्रदर्शित करता है । सभी ने स्वच्छता, सहिष्णुता व सादगी से राष्ट्र की सेवा में बढ़ चढ़कर भाग लेने व देश को नयी दिशा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ भरत



राज सिंह के साथ साथ गोरख प्रसाद निषाद, पूर्व पशुधन मंन्त्री, उमेश चन्द्र तिवारी, सेवानिवृत्त आई.ए.एस, राकेश जैटली, आनद प्रकाश, एस. बी.एल. मेहरोत्रा, सेठ एस.एन. टंडन पूर्व जज, राकेश निषाद आदि उपस्थित रहे।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Deshkiupasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** को सही एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## कराया गया सुंदरकांड समरसता भोज

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भाजपा के युवा नेता डॉ आशीष सिंह उर्फ विक्की के सौजन्य से बंधु पार्क सेक्टर 10 इंदिरा नगर में समरसता भोज का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में



युवा नेता भाजपा के नीरज सिंह उपस्थित हुए। समरसता भोज के इस कार्यक्रम में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। सुंदरकांड की शुरुआत देव ग्रुप की प्रबंधक शैल सिंह एवं डायरेक्टर लाल महेंद्र प्रताप सिंह ने राम दरबार, बजरंगबली, एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। समरसता भोज कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। जिला महामंत्री भाजपा धर्मेन्द्र सिंह, चिनहट वार्ड –2 के पार्षद शैलेन्द्र वर्मा व चिनहट भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमल पाण्डे इंदिरा नगर के पार्षद मनोज अवस्थी आदि प्रमुख रहे। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि नीरज सिंह का स्वागत लाल महेंद्र प्रताप सिंह, शैल सिंह, ललित श्रीवास्तव क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण गतिविधि, आशीष सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, भावेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र ओझा, पारुल सिंह, विनय सिंह, केडी सिंह ने स्वागत किया।

## अयोध्या राम नगरी में राममूर्ति के लिए नेपाल से अयोध्या पहुंचेगी 6 करोड़ वर्ष पुरानी शालिग्राम शिलाएं

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या राम नगरी में 2 फरवरी को नेपाल से अयोध्या शालिग्राम शिलाएं पहुंचेगी।शालिग्राम शिला रामलीला की दुर्लभ मूर्ति निर्माण किया जाएगा।बाल रूप की आदम कद मूर्ति का निर्माण होगा। पुरातत्व सर्वेक्षण से अनुमान लगाया गया है यह 6 करोड़ वर्ष पुरानी है यह शालिग्राम शिलाएं है। दो अलग–अलग ट्रकों से यह विशाल शिलाएं नेपाल से अयोध्या पहुंचेंगी।नेपाल के पूर्व पीएम कमलेंद्र निधि भी अयोध्या साथ आएंगे। जिसकी स्वागत की तैयारियां राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य करेंगे।विहिप के पदाधिकारी शालिग्राम शिला यात्रा के साथ चलेंगे ।एक शिला 26 टन दूसरी शिला 14 टन की वजनी है।जय श्री यह शालिग्राम का पत्थर, जो पोखरा,नेपाल से अयोध्या(भारत) आ रहा है, रास्ते में भक्तों द्वारा पूजा की जा रही है।यह शालिग्राम नेपाल के काली गंड़की नदी से प्राप्त किया गया है ।अयोध्या में निर्माण हो रहें श्री राम मंदिर में वहाँ पर भगवान श्री राम के बाल्य स्वरूप की मूर्ति और माता सीता की मूर्ति बनाने के लिए तय किया गया है। शिला को 26–01–2023 गुरुवार के दिन गलेश्वरमहादेवमन्दिर में रूद्राभिषेक किया गया, सोमवार 30 –01–2023 के दिन अयोध्या के लिए प्रस्थान होगा।

## उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74वाँ गणतंत्र दिवस समारोह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सदैव की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ का राष्ट्रीय महापर्व दिनांक 26.01. 23 दिन गुरूवार को उत्तर रेलवे ,लखनऊ मंडल के छोटे बड़े स्टेशनों सहित सम्पूर्ण मंडल पर अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। देश की एकता, समरसता एवम अखंडता के प्रतीक इस पावन पर्व के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन उत्तर रेलवे के लखनऊ स्थित चारबाग स्टेडियम में किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में श्री सुरेश कुमार सपरा,मंडल रेल प्रबंधक ,उत्तर रेलवे,लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती नीतू सपरा,अध्यक्षा, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन ,लखनऊ मंडल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से किया गया एवं उनके द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की गारद का निरीक्षण किया गया।आज के आयोजन का मुख्य आकर्षण मंडल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अत्यंत कुशलतापूर्वक प्रस्तुत परेड एवम सलामी रही जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर मुकेश कुमार द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त इस सुअवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को आकाश में छोड़ा गया । इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, श्री अमित पाण्डेय द्वारा महाप्रबंधक,उरे का संदेश पढ़ने के पश्चात अपने सम्बोधन में मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियों की चर्चा की एवं मंडल द्वारा अपने सर्वश्रेष्ठ



कार्यकलापों तथा सेवाओं के निर्वहन हेतु रेलकर्मियों की सराहना करते हुए सभी को प्रेरित किया तथा भविष्य में भी इसी भावना से कार्य करते हुए रेलवे के उत्तरोत्तर विकास की अपेक्षा की, सभी रेलकर्मियों ने पूर्ण समर्पण के साथ रेलसेवा और राष्ट्रसेवा का प्रण लिया गया। इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।रेलवे अधिकारियों एवं उनके परिजनों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इस आयोजन में मंडल के समस्त विभागाध्यक्ष एवम अन्य अधिकारीगण ,महिला कल्याण संगठन की सदस्यायें, सभी यूनियनों तथा मान्यता प्राप्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों सहित रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना लाइन बाजार में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में थाना लाइन बाजार में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिया। थाना दिवस के अवसर पर लेखपाल कुददुपुर अनुपस्थित मिलें जिस पर कडीध नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हे निलम्बित करनें के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिया। पचहटियां निवासी बगेशरा देवी ने भूमि विवाद की शिकायत जिलाधिकारी से की जिस पर नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि टीम लेकर गांव में जाये और भ्रमण कर समस्या का समुचित निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 04 शिकायते आयी जिनमें 01 का मौके पर निस्तारित किया गया और 03 में टीम भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को फोन पर वार्ता कर निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस अवसर पर सीओ कुलदीप कुमार, थानाध्यक्ष आदेश कुमार त्यागी सहित लेखपाल एंव कानूनगो उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में कई जानवरों की जलकर हुई मौत : कुछ की हालत गंभीर

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना अंतर्गत क्षेत्र ग्राम खजुरा के नट बस्ती में सुबह लगभग चार बजे आग लगने के कारण चार भैंस पांच बकरियों झुलस गई जिसके कारण कईयों जानवरों की मौत हो गई। कुछ पशुओं की हालत गंभीर बनी हुई हैं। बताते चले कि खजुरा गांव के पशुपालक मोबीन अहमद पुत्र गफ्फूर अहमद ने बताया कि जहाँ जानवर रहते थे वही बाहर दरवाजे पर वह सोये हुए थे लगभग चार बजे बकरियों की शोर की आवाज पर वह उठ कर देखे तो वहां बुरी तरह आग लगी हुई थी तभी पूरे परिवार को उठाने के बाद मदद के लिए पुलिस को सूचना देने के साथ जानवरों को बचाने में जुट गए। सूचना पर मौके से घटना स्थल पर पहुँची थाना पुलिस। लेकिन आग इतना भयानक रुप ले ली कि जिसके कारण कई जानवरों की झुलसने के कारण मौत हो गई है। पशुपालक मोदीन ने बताया कि उस आग की चपेट में मेरी 2 भैंस व 5 बकरियों की जलकर मौत हो गई है और 1 बकरें व 2 भैंस जलने के कारण गंभीर अवस्था में है। जहाँ आग लगी वहां कुल 10 जानवर रहते थे। अज्ञात कारणों से लगी आग में पशुओं की मौत होने से पशुपालक का लाखों रुपये का नुकसान हो गया जिसके घर पर झाया मातम।

## दूरदृष्टा और राष्ट्र के सजग प्रहरी थे रज्जू भैया –प्रो. आरएन त्रिपाठी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के द्वारा प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया): जीवन एवं दर्शन विषय पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो आर एन त्रिपाठी ने कहा कि प्रो राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो राजेंद्र सिंह को की प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रज्जू भैया के राजनीतिक प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि नानाजी देशमुख रज्जू भैया से प्रभावित होकर चित्रकूट में ग्रामोदय का कार्य प्रारंभ किया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ कुलदीप पांडेय ने बताया कि रज्जू भैया बचपन से ही बहुत मेधावी रहे और वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की तथा वहीं पर भौतिकी विभाग में प्राध्यापक नियुक्त हुए। समाजिक व राष्ट्र कार्य में रुचि के कारण विद्यार्थी जीवन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ सरसंघचालक हुए। डॉक्टर पांडे ने बताया की समाज के लिए रज्जू भैया ने अपने पूरा जीवन समर्पित कर



दिया तथा मितव्ययता से अपने जीवन को व्यतीत किया। इस अवसर पर ने अतिथियों ने रज्जू भैया संस्थान में स्थित प्रो राजेंद्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने किया। व्याख्यान का विषय प्रवर्तन डॉ नितेश जायसवाल ने किया किया । कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत यादव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो मानस पांडेय, प्रो विक्रम देव, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद यादव, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ गिरधर मिश्रा, डॉ पुनीत धवन डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, डॉ. अजीत सिंह और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## सवा सौ जरूरत मंद महिलाओ को वितरित किया गया कंबल

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा गांव के ग्राम प्रधान के आवासीय परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया और उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया ।सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। सरायख्वाजा की ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह के आवास परिसर के मैदान मे कंबल वितरण एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन यूनिवर्सल चौरिटेबल ट्रस्ट अकबरपुर अंबेडकर नगर द्वारा किया गया था । जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सवा सौ जरूरतमंदों का चयन सूचीबद्ध किया गया और भाजपा नेता राज्यमंत्री के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्चू की अध्यक्षता में कंबल वितरण किया । प्रधान रैना संतोष सिंह ने कंबल वितरित किया । इनके साथ ही डॉक्टर राजेश्वर सिंह डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मौसम का बदलाव है और मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ेगा। इससे बचाव जरूरी है ।बचाव के उपाय बताए। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के प्रतिनिधि अजय सिंह ने सरकारी योजनाओं के





बारे में जानकारी दिया ।उन्होने कहां की महिलाओं को स्वरोजगार का सृजन करे, सरकार आर्थिक मदद करेगी। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस अवसर राजेंद्र प्रसाद सिंह, इंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार अस्थाना, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, घनश्याम सिंह मौजूद रहे। प्रधान रैना संतोष सिंह ने यूनिवर्सल चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों के सहयोग कदम की सराहना की।

## मण्डल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन आगामी शिक्षा सत्र 2023–2024 हेतु प्रारम्भ

जौनपुर सू.वि. : सहायक श्रम आयुक्त गौतम गिरी ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए सी०बी०एस०ई० पैटर्न पर निःशुल्क आवासीय शिक्षा हेतु मण्डल स्तर पर अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन आगामी शिक्षा सत्र 2023–2024 के लिए प्रारम्भ किया जा रहा है । जनपद जौनपुर के लिए मण्डल स्तर पर वाराणसी जनपद में अटल आवासीय विद्यालय निर्मित किया जा रहा है आगामी शिक्षा सत्र 2023–2024 के लिए कक्षा 06 में 80 बच्चों के प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा अप्रैल 2023 में होनी है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जो पात्रता निर्धारित की गयी है उसमें ऐसे निर्माण श्रमिक शामिल है जिनका पंजीयन 01 वर्ष पुराना है तथा श्रमिक के बच्चे परीषदीय विद्यालयों में कक्षा 05 में अध्ययनरत हो तथा बच्चों की जन्मतिथि 01.05.12 से 30.04.2013 के मध्य हो बोर्ड से जनपद जौनपुर के लिए 2729 बच्चों की सूची प्राप्त हुई है जिसके आधार पर उनके माँ बाप के निर्माण श्रमिक होने के सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है। प्रवेश परीक्षा हेतु जनपद में 09 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। बच्चों का चयन प्रवेश परीक्षा के बाद मेरिट लिस्ट के आधार पर होगा जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया फरवरी के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ होगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**अगर मैं सुखी होना चाहता हूं तो मुझे कोई दुःखी नहीं कर सकता।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# संरक्षणवाद के नए रूप से भारत को चुनौती

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) मुश्किल से 27 साल पुराना है। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात गैट (जनरल एग्रीमेंट ऑन टैरिफ ऐंड ट्रेड) की व्यवस्था के बाद इसी महीने 1995 में जन्मे डब्ल्यूटीओ की विभिन्न कारकों द्वारा श्रद्धांजलि लिखी जा रही है। इस हफ्ते दावोस में डब्ल्यूटीओ के प्रमुख न्गोजी ओकोन्जो–इवेला द्वारा 'फिर से वैश्वीकरण' के लिए भावुक आह्वान और 'विखंडन और गैर–वैश्वीकरण' के खिलाफ चेतावनी धीमी गति से दम तोड़ने वाले संस्थान की मौत को रेखांकित करती है।

डब्ल्यूटीओ का गठन एक बहुपक्षीय मंच के रूप में सदस्य देशों के लिए मानदंडों को परिभाषित करने और विवादों पर निर्णय लेने के लिए किया गया था। इसे सर्वसम्मति से संचालित करने के लिए तैयार किया गया था, क्योंकि 164 सदस्यों में से प्रत्येक के पास अपनी आवाज थी। लेकिन विकसित देशों ने पिछले दो दशकों से आम सहमति से फैसले लेने के प्रारूप को पटरी से उतार दिया है। अपनी स्थापना के बाद से डब्ल्यूटीओ व्यापार वार्ताओं को सफलतापूर्वक निर्णय तक पहुंचाने में विफल रहा है। डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था विवादों को दूर करने का काम नहीं कर रही है और नवंबर, 2020 से इसकी बैठक भी नहीं हुई है।

डब्ल्यूटीओ की बदहाली मुक्त व्यापार के पटरी से उतरने का प्रतीक है। यह सच है कि मुक्त व्यापार प्रभावी रूप से कभी भी मुक्त नहीं था। फिर भी इस विचार ने साझा समृद्धि की संभावना, भागीदारी के वादे की पेशकश की। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पिछले पचास वर्षों से ज्यादा समय से पश्चिम द्वारा प्रचारित वादे को विकसित राष्ट्रों के हितों के जरिये परिभाषित करने की कोशिश की जा रही है। चीन के उदय और यूक्रेन युद्ध के बाद अर्थव्यवस्था, बढ़ती जनसंख्या और उभरती भू–राजनीति के संयोजन ने विकसित राष्ट्रों में उनकी स्थिति के बारे में भय बढ़ाया है।

दिसंबर 2001 में अमेरिका ने ही डब्ल्यूटीओ में चीन के प्रवेश को संभव बनाया था। हालांकि यह मालूम था कि चीन अपने उद्योगों के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सरकारी सब्सिडी के मानदंडों का उल्लंघन कर रहा था, लेकिन अमेरिका और यूरोप ने उसे इस विश्वास के साथ प्रवेश दिलाया कि समृद्धि चीन को और अधिक लोकतांत्रिक बनाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और यह हांगकांग की घटना तथा ताइवान के स्वतंत्र द्वीप पर कब्जा करने के बारे में शी जिनपिंग शासन द्वारा बार–बार दी जाने वाली धमकियों में स्पष्ट दिखाई देता है। आज चीन का वैश्विक निर्यात में लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा हैध्क्ृवर्ष 2022 में चीन का निर्यात बढ़कर लगभग 60 खरब डॉलर हो गया और इसने 877 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया है।

कोविड–19 महामारी के आगमन ने स्पष्ट कर दिया कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला वास्तव में चीनी आपूर्ति शृंखला थी। अपनी राजनीतिक अराजकता की परवाह किए बिना अमेरिका संस्थागत ढांचे द्वारा संरक्षित किया गया है। बहुत पुरानी बात नहीं है, जब अमेरिका ऊर्जा के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर था। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद ओबामा के शासन में वर्ष 2009 की रिकवरी ऐंड रिइनवेस्टमेंट ऐक्ट द्वारा अमेरिका के ऊर्जा और संचार के बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण किया गया और तेल व गैस उत्पादन में तेजी आई और वह यदि पूर्ण नहीं, तो आंशिक रूप से ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बना।

बाइडन प्रशासन ने इसका विस्तार करते हुए डिजिटल दुनिया में अमेरिका के रक्षा उपायों को शामिल किया है। इसने राज्य सब्सिडी वाली औद्योगिक नीति की पहल की है। इसका मतलब है कि चिप्स और सेमी–कंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, नवीकरणीय ऊर्जा का उद्योग लगाने वालों को सब्सिडी मिलेगी। यह नीति निर्यात और विदेशी निवेश पर नियंत्रण का भी ब्योरा देती है। पिछले दो वर्षों में अमेरिका ने आपूर्ति शृंखलाओं, चिप विकास को बढ़ावा देने और अपने उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने के लिए लगभग 425 अरब डॉलर का वॉर चेस्ट (विशेष कोष) बनाया है, ताकि वे प्रकाश और परिवहन के लिए सौर और पवन ऊर्जा जैसे हरित ऊर्जा विकल्पों में रूपांतरण कर सकें।

इस खेल के नियम को अकेले अमेरिका ही नहीं फिर से लिख रहा है, बल्कि महामारी के तुरंत बाद यूरोपीय संघ के 27 देशों ने 18 खरब यूरो का नेक्स्ट जनरेशन ईयू रिकवरी प्लान तैयार किया। यही नहीं, यूरोपीय संघ ने कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म नामक एक नीति भी तैयार की है, जिसके तहत वह उत्पादों की कार्बन सामग्री के आधार पर आयात पर कर लगाकर अपने व्यवसायों को सुरक्षा प्रदान करता है। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए विदेशी निवेश महत्वपूर्ण है। ईएसजी निवेश नामक एक नए सूत्र के तहत पर्यावरण, सामाजिक और शासन के मानदंडों पर निवेश निवेशक देशों के नि र्णय के अधीन होगा। वैश्विक स्तर पर 500 खरब डॉलर से अधिक की निवेश योग्य बचत 2025 तक ईएसजी मानदंडों के तहत आने की उम्मीद है। इसका मतलब यह है कि निवेश (चाहे शेयर बाजार में हो या एफडीआई के रूप में) ईएसजी के अधीन होगा और उन शर्तों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, जो जरूरी नहीं कि स्थानीय आर्थिक स्थितियों के लिए उचित या उपयुक्त हों। जलवायु परिवर्तन से निपटने के पवित्र इरादे के तहत संरक्षणवाद के नए रूपों को आगे बढ़ाया जा रहा है। यह और बात है कि विकसित राष्ट्रों के प्रदूषण से प्रभावित देशों को अब तक 'हानि और क्षति' मुआवजे फंड का एक डॉलर भी नहीं मिला है।

ये घटनाक्रम महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये भारत के उत्थान को चुनौती देते हैं। वर्ष 2023 का बजट इन्हीं विपरीत आर्थिक और भू–राजनीतिक परिस्थितियों के संगम पर पेश किया जाने वाला है। 35 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय, इसके तकनीकी लाभ और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं के बदलते पुनर्गठन ने इसे वैश्विक बाजारों में अपने पदचिह्न का विस्तार करने का अवसर प्रदान किया है। भारत की उम्मीद को वैश्विक जुड़ाव के तेजी से बदलते रूपों से चुनौती मिली है। यह भारत को अपनी आकांक्षाओं को बनाए रखने के लिए प्रतिक्रियाओं का एक ढांचा बनाने की मांग करता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एस0के0डी0 एकेडमी में गणतंत्र दिवस एवं बसन्तपंचमी उत्सव पर रही विविध कार्यक्रमों की धूम

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0के0डी0 एकेडमी की सभी शाखाओं (यू0पी0 बोर्ड, आई0एस0सी0 बोर्ड, जूनियर हाई शाखा सी0बी0एस0ई0बोर्ड, विक्रांत खण्ड शाखा एवं वृन्दावन शाखा) में 74वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह उत्साहपूर्वक व धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय की सभी शाखाओं में ध्वजारोहण संस्था के चेयरमैन एस.के.डी. सिंह , निदेशक मनीष सिंह, उपनिदेशक निशा सिंह व सह निदेशक व प्रधानाचार्या कुसुम बत्रा द्वारा किया गया। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ''हमें अपने देश की स्वतन्त्रता, स्वाधीनता व संविधान को कायम रखने में हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। इस अवसर पर सभी शाखाओं में विद्यार्थियों द्वारा कविता, नाटक, समूह गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों के अतिरिक्त अभिभावक भी समारोह में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों के प्रस्तुतियो एवं प्रयासों की सराहना की। साथ ही साथ एस0 के0 डी0 एकेडमी की आई0 एस0 सी0 बोर्ड शाखा राजाजीपुरम में प्रतिवर्ष की भाँति श्री उज्जवल धवला माँ शारदे की भव्य प्रतिमा की स्थापना व पूजन किया गया। माँ सरस्वती विद्या प्रदायिनी माँ विद्यारूपा देवी है, सर्वधर्म सम्भाव से पूर्ण मंत्रोच्चारण के साथ यह पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में छात्र–छात्राओं में संस्कृतिक संस्कारों के अकुंरण हेतु पंचकुण्डीय हवन का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधिवत हवन एवं पूजन कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। विद्यालय के प्रबंधक एस0 के0 डी0 सिंह व निदेशक श्री मनीष सिंह व सभी शाखाओं के प्रधानाचार्यों ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों व स्टॉफ को गणतन्त्र दिवस एवं बसन्तपंचमी की शुभकामनायें प्रदान की। समारोह का समापन जलपान व मिष्ठान्न वितरण से हुआ।

## भव्य मुशायरा व कवि सम्मेलन का किया गया रंगारंग आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जिला प्रशासन एवं नागरिक सुरक्षा लखनऊ की ओर से गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तुलसी सभागार रामलीला परिसर में भव्य मुशायरा व कवि सम्मेलन का रंगारंग आयोजन चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा की अध्यक्षता व उपनियंत्रक अनिता प्रताप की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा को राष्ट्रपति पदक मिलने के अवसर पर सभी लोगों ने उन्हें अंगवस्त्र माला फूल आदि देकर सम्मानित किया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में प्रमुख रूसे हरिवंश राय बच्चन सम्मान से सम्मानित मनीष शुक्ला, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला मुकुल महान, हिंदी भाषा सेवा से सम्मानित अनूप कुमार श्रीवास्तव, मजरूह सुलतान से सम्मानित रहमत लखनवी, यशपाल सम्मान से सम्मानित आदित्य द्विवेदी, सुभद्रा कुमारी चौहान से सम्मानित सुश्री शशि शर्मा श्रेया, कैफी आजमी से सम्मानित मो अली साहिल, मीराबाई से सम्मानित रूपा पाण्डेय सतरूपा, साहिर लुधियानवी से सम्मानित शकील मरावी, कुंवर माहिंद्र बेदी से सम्मानित चरण सिंह बशर ने अपनी अपनी सुंदर



रचनाओं से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डिप्टी चीफ वार्डन गुरप्रीत सिंह सेठी, स्टाफ अफसर ऋतुराज रस्तोगी, डिवीजनल वार्डन संजय जौहर, सुनील कुमार शुक्ला, अजय राजपूत, स्टाफ अफसर राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, ममता रानी, रेखा कांडपाल, मुकेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## देश का सर्वोच्च पदक सिविल डिफेंस राष्ट्रपति पदक से अमरनाथ मिश्र चीफ वार्डन को किया जाएगा सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। देश का सर्वोच्च पदक सिविल डिफेंस राष्ट्रपति पदक से अमरनाथ मिश्र चीफ वार्डन लखनऊ को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन ऋतु राज रस्तोगी एव डिवीजन वार्डन चौक सुनील शुक्ल ने बताया कि यह पदक सिविल डिफेंस के लिए बहुत गौरवान्वित करने का पदक है यह पदक केवल चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र को नहीं मिल रहा है बल्कि हमारी पूरी टीम जो साथ 24 घंटे कार्य करती है चाहे वह करोना का समय रहा हो या कहीं भी आपातकाल हो या जुलूस सभी में पूरी टीम का नेतृत्व चीफ वार्डन अमर नाथ मिश्र ने सदैव शासन प्रशासन के साथ खड़े रहकर किया है। जैसे कल लिस्ट शॉट आउट हुई वैसे ही बधाइयों का तांता लगा रहा आज पूरा दिन सिविल डिफेंस



व्यापारी समाज इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के मेंबरों के द्वारा बधाइयां मिलती रही।

## मार्च 2023 तक पूर्ण हो जाएगा अयोध्या एयरपोर्ट का निर्माण : मण्डलायुक्त ने किया अयोध्या विजन की समीक्षा बैठक

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में अयोध्या को एक विश्व स्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में स्थापित करने तथा भव्य एवं समग्र विकास योजना (अयोध्या विजन) की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में बुलाई गयी। सर्वप्रथम एयरपोर्ट अर्थारिटी आफ इंडिया द्वारा निर्माणाधीन एयरपोर्ट के कार्यो की प्रगति समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि सिविल कार्य के साथ साथ उड़ान हेतु लाईसेंस की प्रक्रिया भी साथ साथ प्रारम्भ की जाय, जिससे निर्माण पूर्ण होने के उपरांत तत्काल यातायात शुरू हो सकें। एयरपोर्ट अर्थारिटी द्वारा अवगत कराया गया कि 74 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है, सभी कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। मण्डलायुक्त ने अयोध्या में निर्माणाधीन पथों यथा–भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ के प्रगति की समीक्षा करते हुये कहा कि श्रद्वालुओं के आवागमन से कोई कार्य बाधित न हो, श्रद्वालुओं हेतु आवश्यक डायवर्जन करवाकर निर्माण कार्य नियमित चलता रहे। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि अयोध्या विजन से सम्बंधित सभी अधिकारीगण प्रति सप्ताह की प्रगति की अद्यतन फोटोग्राफ प्रत्येक सोमवार तक हर हाल में डैश बोर्ड पर अपडेट करा दिया करें, जिससे समीक्षा के दौरान वास्तविक प्रगति पता चल सकें। उन्होंने कहा कि जिन–जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा तय समय से अधिक समय मांगा गया है ऐसे सभी प्रोजेक्ट में बढ़े समय में कैसे काम पूरा करेंगे इसकी भी कार्ययोजना ली जाय, जिससे उनके द्वारा लिये गये समय में कार्य पूरा कराया जा सकें। मण्डलायुक्त ने अयोध्या जनपद में निर्माणाधीन डाक बंगले की समीक्षा करते हुये कहा कि जनपद में जितने भी नवीन भवन निर्मित किये जा रहे है वे सभी बिना अच्छे आर्किटेक्ट से सलाह लेकर न बनायी जाय तथा फिनिसिंग का कार्य बेहतर ढंग से किया जाय। लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने अयोध्या बसखारी मार्ग में अधिक से अधिक सटडाउन लेकर जल्द से जल्द पेड़ो की कटाई तथा विद्युत पोल डिस्मेन्टलिंग का कार्य पूर्ण करें। सेतु निगम के कार्यो की समीक्षा में उन्होंने कहा कि जो भी रेलवे सेतु बनाये जा रहे है उनमें दोनों तरफ से कार्य प्रारम्भ करायें। बैठक में रेलवे के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहने पर उन्होंने रेलवे के सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही के लिए पत्र भेजने के निर्देश दिये तथा मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि सेतु निगम, रेलवे के अधिकारियों के साथ अलग बैठक कर सेतु निर्माण में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान करें। नगर निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुये त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत नगर निगम अयोध्या में निर्माणाधीन 54 सड़कों के गुणवत्ता को सही करने के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (एल0ए0) प्रभाकांत अवस्थी, अयोध्या विकास प्राधिकरण सचिव सत्येन्द्र सिंह, परियोजना निदेशक आर0पी0 सिंह, अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय सहित सम्बंधित अधिशाषी अभियन्तागण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी समारोह आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडल कालेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के अंतर्गत श्री महावीर प्रसाद महिला महाविद्यालय, सूर्यनगर राजाजीपुरम, लखनऊ के प्रांगण में आजादी के 74वें गणतंत्र दिवस तथा बसंत पंचमी के अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रबन्धक अवधेश सिंह, कार्यकारिणी समिति की सदस्या मुन्नी देवी, निदेशक डा0 अमित सिंह, पूजा सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 विजया आर वर्मा तथा वेनिका शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्या डॉ विजया आर. वर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का मंच संचालन लखनऊ मॉडल पब्लिक इण्टर कालेज की प्राचार्या वेनिका शर्मा के द्वारा किया गया जिसमें झण्डारोहण मुख्य अतिथि पार्षद रेखा सिंह द्वारा किया गया। बसंत पंचमी कार्यक्रम के अर्न्तगत महाविद्यालय परिसर में माँ सरस्वती जी का पूजन, हवन का आयोजन किया गया जिसमें माँ सरस्वती जी की पूजा हवन तथा आरती में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण तथा छात्राएँ उपस्थित रहे। बसंत पंचमी तथा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बी०एड०. बी० एल०एड० तथा डी०एल०एड० की छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



किया गया जिसमें प्रथम स्थान बी०एल०एड० प्रथम सेमेस्टर प्रिया वर्मा /रिया मिश्रा, द्वितीय स्थान बी०एड० प्रथम सेमेस्टर ज्योति कुमारी / स्नेहा पाल तथा तृतीय स्थान दो समूह 1. नेहा प्रजापति / नेहा पटेल 2. प्रांशी लोधी / मधू कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कार प्राची मौर्या, गरिमा पटेल को दिया गया। शिक्षकगण में डा० शिवाकान्त श्रीवास्तव, डॉ मंजेश कुमार, अभिषेक वर्मा, अंजू सिंह, मनीषा पाण्डेय, गरिमा सिंह, जितेन्द्र , वैशाली देवल, शिल्पी विश्वकर्मा, पद्मा त्रिपाठी. शालिनी सिंह, शालिनी पाण्डेय साथ ही कार्यालय कर्मचारी कमलेश कुमार, सुधीर त्रिपाठी, हर्षित कुमार इत्यादि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। चलो सब साथ चलेंगे,अपना मतदान करेंगे – इस आवाहन के साथ राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर के 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें कैडेट्स द्वारा कविता, गीत, नाटिका के माध्यम से वोट के महत्व को दर्शाया गया । अंडर ऑफिसर वसुंधरा गंगवार और तनु सारस्वत ने कार्यक्रम का संचालन किया। कैडेट दीपाली तिवारी ने संभाषण के माध्यम से, कैडेट ललिता यादव,शिप्रा गौतम और सुहानी ने कविता के माध्यम से तथा कीर्ति मिश्रा, अंजली राय, इशिता सिंह, कीर्ति रस्तोगी, प्रिया यादव, दीपाली तिवारी, ललिता यादव, गौरवी यादव, श्रुति तिवारी और खुशी कनौजिया ने नृत्य नाटिका के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया तथा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका को प्रदर्शित किया। मतदान की आयु, ईवीएम मशीन, मतदान आयोग आदि से संबंधित प्रश्नोत्तरी का




भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी ने कहा– 'मतदान हमारा कर्म भी है,मतदान हमारा धर्म भी है और मतदान ना करना शर्म भी है। प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने इस अवसर पर युवाओं को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया तथा उपस्थित सभी को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने एवं धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ग्रहण करवाई।

## पाटी पूजन संस्कार व सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अवधी कलाकारों और साहित्यकारों का सम्मान समारोह किया गया आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सी. एम. एस. सभागार, विशाल खंड 2, गोमती नगर लखनऊ में वसंत पंचमी के पावन पर्व पर ''पाटी पूजन संस्कार'', ''सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अवधी कलाकारों एवं साहित्यकारों का सम्मान समारोह'' आयोजित किया गया। रामेश्वर प्रसाद शर्मा द्वारा सम्मानित किये जाने वाले अवधी साहित्यकारों एवं कलाकारों को व ब्रह्मलीन कलाकारों के परिजनों का परिचय करवाने के बाद उन्हीं से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात 7 शिशुओं का पाटी पूजन संस्कार करवाकर अपने सनातन संस्कारों को अक्षुण्य रखने का संकल्प लिया गया। डॉ. अंजनी कुमार मिश्र ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक मुख्य अतिथि को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री द्वारा मंचासीन अतिथियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। ब्रह्मलीन श्री चंद्र भूषण त्रिवेदी (रमई काका) के पुत्र आलिन्द्र त्रिवेदी, ब्रह्मलीन डॉ. योगेश प्रवीण के भाई नवीन श्रीवास्तव, ब्रह्मलीन आरती पाण्डेय के पुत्र अविनाश पाण्डेय, राजा अवस्थी, काव्य श्री डॉ राम प्रकाश त्रिपाठी ''प्रकाश'' अन्नू अवस्थी, साहित्य भूषण महेश चंद्र द्विवेदी सेवानिवृत्त डीजीपी, डॉ. सुशील अवस्थी को सम्मानित किया गया। पाटी पूजन दिवाकर त्रिपाठी एवं सी. पी. अवस्थी जी ने किया। डॉ. पशुपति पाण्डेय डॉ. सी. एल. बाजपेई डॉ. शशी मिश्रा डॉ. अरुणेन्द्र चन्द्र त्रिपाठी अमित कुमार दीक्षित जे. पी. पाण्डेय प्रभात शर्मा हरसरन लाल गुप्ता अमित कुमार बाजपेई राजेश कुमार त्रिवेदी पंकज दीक्षित मुख्य अतिथि बृजेश पाठक ने वसंतोत्सव मंच के पदाधिकारियों की इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु भूरि भूरि प्रशंसा की एवं उन्होंने कहा कि अवधी एक भाषा है जो कि अवध क्षेत्र के मध्य जिलों में बोली जाती है। अवध शब्द की व्युत्पत्ति अयोध्या से है। इस नाम का एक सूबा के राज्यकाल में था। तुलसीदास ने अपने रामचरितमानस में अयोध्या को अवधपुरी कहा है। इसी क्षेत्र का पुराना नाम कोसल भी था जिसकी महत्ता प्राचीन काल से चली आ रही है। डॉ राघवेन्द्र शुक्ला, महासचिव ने सभी संस्थापक सदस्यों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ डी. एस. शुक्ला



ने रखी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों, विद्यालय, मुख्य अतिथि, तथा सम्मान ग्रहण करने वाले साहित्यकारों का आभार संस्था के संयोजक देवेन्द्र शुक्ल ने व्यक्त किया। इसके बाद अमित दीक्षित के निर्देशन में अवध के श्री राम, नाट्य प्रस्तुति की गई जिसका हजारों की संख्या में उपस्थित साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों व नागरिकों ने आनंद उठाया। वसंतोत्सव 2023 का सफल संचालन लेखक व साहित्यकार डॉ. पशुपति पाण्डेय जी ने किया। इसके पश्चात तहरी भोज के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में डा. सुषमा मिश्रा, रमाकांत पाण्डेय, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, पंकज दीक्षित, डा. सी. एल. श्री असीम कुमार श्रीवास्तव बाजपेई, डा. शशि मिश्रा, हर सरन गुप्ता, प्रभात शर्मा, राजेश कुमार त्रिवेदी, जे. पी. पाण्डेय, रमेश चंद्र बेरी, अमित कुमार बाजपेई, डा. अंजनी कुमार मिश्र, असीम कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। इनके अलावा अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के अध्यक्ष सी. पी. अवस्थी के अतिरिक्त अंजनी कुमार दीक्षित, शिव कुमार शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ल, विजय त्रिपाठी आदि पदाधिकारी एवं गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डॉ. बी. एन. सिंह, सचिव सी. जी. नायर, कर्नल ए. एन. पाण्डेय, आलोक मिश्रा, के. के. मौर्या, राम दयाल मौर्या, विनोद तिवारी, जितेंद्र पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, नंदिनी मिश्रा, अजय तिवारी, पी. आर. पाण्डेय एवं समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## नाटक में वेश्यावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के हर दर्द को दिखाने का किया गया प्रयास

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय पर्यटन निर्देशालय, उ०प्र० संगीत नाटक अकादमी , नव अंशिका फाउंडेशन – थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान मे लखनऊ नाट्य समारोह के अंतर्गत दसवे दिवस समापन के अवसर पर नाट्य प्रस्तुति ''कहानी एक कोठे की'' का मंचन वाल्मीकि रंगशाला, संगीत नाटक अकादमी परिसर गोमती नगर,लखनऊ में चन्द्रभाष सिंह के लेखन एवं निर्देशन मे किया गया। नाटक ''कहानी एक कोठे की'' समाज के उस तबके की एक रचनात्मक कहानी है जिसे हम कभी अच्छी दृष्टि से नहीं देखते। कोठे पर काम करने वाली लड़कियां पुरूषों के भोग की वस्तु तो है पर सम्मान की हकदार नहीं। नाटक एक ऐसे कोठे की कहानी कहता है जहाँ जिस्मफरोशी का धंधा होता है।क्या वेश्यावृत्ति से धन कमाना आसान है, एक कोठे को संचालित करने में कितनी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, आखिर ऐसी क्या वजह है जो उन्हें ऐसा घिनौना काम करने पर मजबूर करती है। कोठे पर काम करने वाली हर लड़की की अपनी अलग–अलग कहानी है जो किसी को भी द्रवित कर सकती है। यहां पर आने वाली हर एक लड़की ना जाने किन–किन मजबूरियों से लड़कर अपनी भावनाओं अपने दर्द को दबाकर काम करती है। यह जानते हुए भी कि ये दुनिया बाहरी दुनिया से बहुत अलग है, एक बार यहां आने के बाद सब खत्म। समाज में वेश्यावृत्ति को पैसा कमाने का सबसे आसान और गंदा जरिया माना जाता है, परंतु किसी को यह नहीं पता कि जितना आसान दिखता है उतना होता नहीं है ।यहां पर काम करने वाली लड़कियों को क्या क्या झेलना पड़ता है, कितने दर्द सहने पड़ते हैं । अपना जमीर मारकर क्या कुछ नहीं सुनना पड़ता । नाटक में दिखाया गया है कि कोठे की मालकिन कितनी मुश्किलों में कोठे को संचालित करती है। कोठे में काम करने वाली चन्दा जिसका 13 साल की उम्र में बलात्कार उन लोगो ने ही किया जिनको वो भईया बोलती थी, पुलिस ने भी उन्हें ही दबाया , समाज ने भी ताने उसके आई– बाबा को ही दिए और अंत में वो हारकर काम के लिए शहर आई पर यहां भी उसे कोई काम नहीं मिला और अंत में वह भटकते–भटकते कोठे पहुंच गई ।वहीं एक नौजवान कोठे पर इसलिए जाता है कि उसकी बहन जो कि 2 साल पहले गायब हो गयी है जिसका कुछ भी पता नहीं चल पाया, हो सकता है उसे किसी ने कोठे पर बेच दिया हो वो मिल जाय। कोठे में लोकल विधायक का बेटा राजेश बाघमारे कोठे की लड़कियों के साथ जबरदस्ती करता है, उसका जब मन होता है चला आता है मना करने पर कोठे पर रेड डलवाता है, रेड डालने वाले सबकी बेज्जती करके चले जाते है। कोठे में तावड़े जो कि एक पुलिसकर्मी है आता जाता रहता है जिसे कोठे की मालकिन कोठे की सुरक्षा के लिए रुपये भी देती है पर वो इस बार कुछ नहीं कर पाता। बाघमारे और कोठे की एक लड़की शीला से एक बेटी भी है जो कि अभी सिर्फ 9 साल की है। बाघमारे उस लड़की के साथ सोना चाहता है, तावड़े ये बर्दाश्त नहीं कर पाता और दोनों में हाथापाई शुरू हो जाती है इसी बीच शीला वाघमारे को गोली मार देती है, सब डर जाते हैं क्योंकि राजेश बाघ मारे विधायक का बेटा होता है अंत में कोठे की मालकिन अपने आपको कत्ल के जुर्म में गिरफ्तार करवाने और सभी लड़कियों को कोठे से बाहर जाने के लिए कहती है। नाटक वेश्यावृत्ति से जुड़ी महिलाओं के हर दर्द को दिखाने का प्रयास करता है। कलाकार मंच पर चन्दा– जूही कुमारी शीला– निहारिका कश्यप पिंकी– श्री ऐश जयसवाल नजमा– श्रुति पांडेय मुन्नी– साक्षी अवस्थी तावड़े– विशाल वर्मा राजेश बाघमारे– कारन दीक्षित भाऊ– अग्नि सिंह पुलिस– अंशुल पाल, राम चरन, वरुण सिंह अन्य–आशीष सिंह, कोमल प्रजापति, विशाल वर्मा, अंजलि सिंह कोठे की मालकिन(बा) –चन्द्रभाष सिंह मंच पर रंगदीपन– तारा उप्रेती संगीत संचालन–सौरभ शुक्ला मंच व्यवस्था– विशाल श्रीवास्तव, कोमल प्रजापति रूपसज्जा – सचिन गुप्ता वेशभूषा – सभी कलाकार मंच प्रॉपर्टी– निहारिका कश्यप प्रस्तुति नियंत्रक– अर्जुन सिंह मंच संचालन – कवलजीत सिंह सह निर्देशन– जूही कुमारी लेखक एवं निर्देशक – चन्द्रभाष सिंह नीशू त्यागी अध्यक्ष नव अंशिका फाउंडेशन राजेश जैसवाल संरक्षक नव अंशिका फाउंडेशन राहुल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष थिएटर एंड फिल्म वेलफेयर एसोसिएशन उपस्थित रहे।

## 74वे गणतंत्र दिवस पर अखंड भारत वीर योद्धा समिति के तत्वाधान में वीर सपूतों को किया गया याद

अयोध्या ( जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।74वे गणतंत्र दिवस आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर पड़ने से अखंड भारत वीर योद्धा समिति साहबगंज क्षेत्र वासियों के सौजन्य से भव्य ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न गाया गया, समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से ध्वजारोहण का कार्यक्रम बनाया गया। ध्वजारोहण सुकमा में शहीद राजकुमार यादव की पत्नी के कर कमलों द्वारा संपन्न कराया गया । मुख्य अतिथि के रूप में श्री मिथलेश नंदनी शास्त्री , महंत पंचमुखी महादेव मंदिर गुप्तार घाट , बृजेश कुमार सिंह साकेत महाविद्यालय , से उपस्थित माननीय ने अपने–अपने संदेश राष्ट्र को समर्पित क्षेत्रवासियों के बीच समर्पित किया । कार्यक्रम स्थल में मुख्य रूप से बहुत गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिनमें संतोष मिश्रा , जय शंकर श्रीवास्तव , अवध किशोर मिश्रा , दीपक पांडे ,नीरज पाठक , विकास चंद्र वैश्य , सूरज साहू , संतोष गौड़ , हेमंत जायसवाल ,आलोक द्विवेदी , चंदन कसेरा



, उमेश अग्रहरी , संजय कनौजिया , अमित शर्मा , सुनील सोनू कनौजिया , अजय कनौजिया , अंकित दुबे , प्रवीण सोनकर , किशन तिवारी , सरवन शर्मा , ललित गौतम सूर्यांश गौड , सुनील गौड़ सोनी गुप्ता ,आंचल साहू , सुनीता श्रीवास्तव , शकुंतला गौतम , सुनीता गौड़ सोनाली गौड़ ,चंदा साहू आदि लोग मौजूद थे।

## श्रीनिवास रामानुजन छात्रावास में धूमधाम से मनी बसंत पंचमी : सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के श्रीनिवास रामानुजन अनुसंधान भवन में अन्तःवासिओं द्वारा गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने उत्साह एवं उमंग के साथ बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के शुरुआत में सरस्वती हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक संध्या में भाषण, काव्य पाठ, एकल नृत्य एवं संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। समस्त प्रतियोगिताओं में छात्रावास के लगभग दो दर्जन से ज्यादा छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता डेमोक्रेटिक टीम (जूनियर्स) रिपब्लिक टीम (सीनियर्स) से 20 में से 10 के मुकाबले 14 अंक पाकर विजयी घोषित हुई। मुख्य अतिथि प्रो. रजनीश भास्कर ने छात्रों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की शुभकामना देते हुए कहा कि छात्रावासों में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। छात्रावासों में सुविधाओं को बढ़ाने हेतु जरूरी निर्णय लिए जाते है। विशिष्ट अतिथि डा. धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि छात्रों को विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक एवं अकादमिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करना चाहिए तथा उन्हें हमेशा दूसरों का आदर करना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने स्वरचित "आदर" शीर्षक पर एक कविता भी प्रस्तुत की। इसके बाद छात्रावास के वार्डन सुशील कुमार ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि छात्रों की विलाक्षित प्रतिभा को निखारने एवं सवारने हेतु उन्हें निरंतर मंच उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की शीर्ष



प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी छात्रावासों के अन्तःवासियों हेतु "प्री–कोन्वोकेशन हॉस्टल फेस्टिवल दृ तरंग" का आयोजन किया जाना है। इसकी सूचना जल्द ही प्रकाशित की जाएगी। अंत में चीफ वार्डन प्रो.रजनीश भास्कर ने समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को संविधान के उद्देशिका की शपथ दिलाई। संचालन छात्र मंजीत गुप्ता ने किया। इस मौके पर शिक्षक डा. विनय वर्मा, मो.अबू सालेह, राकेश मिश्रा, अनिल कुमार, प्रकाश यादव, मोहन यादव,अमित कुमार,राहुल यादव, महेंद्र यादव एवं छात्र किशन, आयुष, शशांक, रेहान, आदर्श, विवेक द्वय, आशुतोष, हिमांशु निपूर्ण, शिवम् समेत समस्त छात्र उपस्थित रहे।

## शिक्षक स्नातक क्षेत्र विधान परिषद चुनाव की तैयारियां हुई पूर्ण

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के निर्देशन में शिक्षक स्नातक क्षेत्र विधान परिषद चुनाव की तैयारियां जनपद अयोध्या में पूर्ण कर ली गयी है। इसकी जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि शिक्षक स्नातक का चुनाव दिनांक 30 जनवरी 2023 को होना है। मतदान के लिए जनपद में कुल 18 बूथ बनाए गए हैं तथा 14 मतदान केंद्रों पर 14345 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां कलेक्ट्रेट सभागार से दिनांक 29 जनवरी 2023 को रवाना होंगी जो अपने अपने पोलिंग स्टेशन पर पहुंचकर सकुशल एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराएंगे। इसी क्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने बताया कि मतदान दिनांक 30 जनवरी को सुबह 8 बजें से शुरू होगा, जिसमें पत्रकार साथी पोलिंग बूथ के बाहर से कवरेज कर सकते है। यह जानकारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार ने दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन–2023 हेतु दिनांक 30 जनवरी, 2023 को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में सामान्य प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन में मतदान करने हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के सभी कर्मचारी जो विश्वविद्यालय स्नातक है और जो स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले राज्य विधान परिषद के निर्वाचनों हेतु बोनाफाइड मतदाता है, को मताधिकार के प्रयोग हेतु मतदान दिवस दिनांक 30 जनवरी 2023 को विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जायेगा। उक्त जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अयोध्या अमित सिंह ने दी है।

## पशु तस्करों ने सेंवई नाले पर फेंके दस गोमुंड : धड़ गायबःपुलिस बेखबर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पटैला बाजार के पास सेंवई नाले के तट पर शनिवार को दस गोमुंड पड़ा देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे व क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में सभी गोमुंड बोरे में भरकर वहां से हटवा दिया गया। सीओ ने घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात पशु तस्करों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लेने का दावा किया। शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीण नाले के किनारे अपना मवेसी चरा रहे थे। तभी उनकी नजर तट पर फेंके गए गोमुंडो पर पड़ी। वे शोर मचाने लगे तो गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल के बगल बान्हदैत्य बाबा का प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इसके बगल गोमुंड फेंके जाने से मामला धार्मिक रंग लेने लगा। समय रहते पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला गोमुंड वहां से हटवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोहत्या कहीं दूसरी जगह कर मुंडी यहां लाकर फेंका गया है। घटना को अंजाम देने वाले तस्करों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



### बीएएलएलबी (ऑनर्स) कोर्स में सीधा प्रवेश 31 तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में संचालित बीएएलएलबी (ऑनर्स) कोर्स में सत्र 2022–23 में रिक्त सीटों पर सीधा प्रवेश प्रारंभ है। ऐसे छात्र–छात्राएं जो प्रवेश हेतु पीयू कैट –2022 मे आवेदन नहीं किए थे, बीएएलएलबी (ऑनर्स) कोर्स में सीधा प्रवेश हेतु अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ संस्थान के कार्यालय में 31 जनवरी, 2023 तक संपर्क कर काउंसलिंग एवं प्रपत्र सत्यापन अवश्य करा लेवें । इसके पश्चात आने वाले छात्रों के प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जाएगा । संबंधित सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है ।

## युवा देश के लिए बोझ नहीं ताकत बनें –प्रो. अजय द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन के संगोष्ठी हाल में शनिवार को जी–20 के परिपेक्ष्य में समावेशी विकास एवं आत्मनिर्भर भारत पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. अजय द्विवेदी ने




कहा कि दुनिया की नजर में भारत बहुत बड़ा बाजार है लोगों को यहां संभावनाएं दिख रही है। उन्होंने कहा कि युवा देश के लिए बोझ नहीं ताकत बने तभी देश की पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि हमें तकनीकी का प्रयोग करना चाहिए लेकिन प्रकृति का संतुलन बनाकर ही समावेशी विकास किया जा सकता है। इस अवसर पर डा. आलोक गुप्ता ने एक धरा, एक परिवार और एक भविष्य को परिभाषित किया। कहा कि समाज के पतन का कारण लाभ है इसलिए हमें लाभ की ओर नहीं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डा. सुनील कुमार ने कहा कि जी–20 देश में भाग लेने वाले लोग हमारे देश को समझने के लिए आ रहे है। इसलिए हमें अपनी अच्छी चीज को उन्हें दिखाने की भी जरूरत है। नोडल अधिकारी डा. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि जी–20 सम्मेलन के भोजन में मोटा अनाज भी मेहमानों की थाली में रहेगा। कार्यक्रम का संचालन रीतिक पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन डा. मनोज कुमार पांडे ने किया।

## रामचरित मानस का अपमान चुनाव की आहट सुन रामद्रोही सक्रिय – मृत्युंजय दीक्षित


हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पहले केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा की एक जनसभा में घोषण करी कि आगामी एक जनवरी 2024 को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का उद्घाटन करेंगे, आप सभी लोग मंदिर के दिव्य दर्शन करने के लिए अभी से टिकट बुक करवा लें और उसके बाद भाजपा कार्यसमिति की बैठक में श्रीराम मंदिर के निर्माण और उसकी उद्घाटन तिथि को लेकर एक प्रस्ताव पारित हुआ। इन दो बातों ने देश के तथाकथित धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी दलों और उनके नेताओं की चिंता बढ़ा दी है और उन्हें यह प्रतीत होने लगा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन हिंदू समाज का यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो जाने के बाद हिन्दू जनमानस में उनकी कोई हैसियत नहीं रह जाएगी। इसी भय के कारण उन्होंने अपना रामद्रोही गैंग सक्रिय कर दिया है और सनातन हिन्दू संस्कृति से सम्बंधित मान्यताओं, देवी–देवताओं, धर्मग्रंथों तथा आस्था के केंद्रो पर आक्रमण प्रारंभ हो गए हैं। इसका प्रारंभ हिन्दुओं के सर्वप्रिय ग्रन्थ रामचरित मानस पर आक्रमण के साथ हुआ। ये आक्रमण बिहार से प्रारंभ हुआ और कर्नाटक होते हुए उत्तर प्रदेश तक पहुँच कर वहां के राजनैतिक वातावरण को कटु बना रहा है। बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव ने नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि रामचरित मानस नफरत फैलाने वाला ग्रन्थ है। महागठबंधन के सहयोगी नेता जीतन राम मांझी भी उनकेसमर्थन में हैं, राजद नेता जगदानंद सिन्हा ने कहा कि अयोध्या का राम मंदिर नफरत की जमीन पर बन रहा है ।कर्नाटक में एक वामपंथी लेखक के. एस. भगवान ने वाल्मीकि रामायण के उत्तर कांड की गलत व्याख्या ही कर डाली है और कहा कि भगवान राम रोज दोपहर को माता सीता के साथ शराब पिया करते थे ।उत्तर प्रदेश के समाजवादी पार्टी के जातिवादी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने तो रामचरित मानस को ही प्रतिबंधित कर ने मांग कर डाली है जिसके बाद उप्र की राजनीति में भूचाल आ गया है। वास्तव में आज जो नेता रामचरित मानस की आड़ लेकर सनातन हिंदू संस्कृति को अपमानित करने का खतरनाक प्रयोग कर रहे हैं उनका राजनैतिक आधार ही इस प्रकार की बयानबाजी करके मुस्लिम तुष्टिकरण करना और हिंदू समाज को जाति के आधार पर बांटकर अपना राजनैतिक स्वार्थ सिद्ध करना रहा है। बिहार के शिक्षा मंत्री अभी तक अपने पद पर बैठे हुए हैं क्योंकि वह उस दल में है जिनके अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा को बिहार में रोक लिया था और आडवणी जी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था ।वहीं उत्तर प्रदेश में रामचरित मानस को बैन करने की मांग करने वाले नेता स्वामी प्रसाद मौर्य एक ऐसी पार्टी में है जिनके मुखिया मुलायम सिंह यादव ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए अयोध्या में दो नवम्बर 1990 को भीषण नरसंहार किया था। स्वामी प्रसाद मौर्य के मानस द्रोही बयानों पर सपा नेता अखिलेश यादव ने चुप्पी साध ली है। रामचरित मानस को लेकर यदि सपा मौर्य व अन्य नेताओं पर कार्यवाही करती है तो मौर्य समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग सपा से दूर चला जायेगा, वोट बैंक का ये लालच अखिलेश को कार्यवाही करने नहीं देगा। स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान के बाद सपा में दो धड़े हो गये हैं जिसमें एक मौर्य के साथ तो दूसरा विरोध में है और अखिलेश यादव मौन हो गये हैं। सपा विधयाक तूफानी सरोज व पूर्व सपा विधायक ब्रजेश प्रजापति स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ खड़े होकर लगातार बयानबाजी कर रहे हैं और सपा की समस्या को गंभीर कर रहे हैं ।स्वामी ने मानस पर जो टिप्पणी की है उससे सनातन हिन्दू समाज का बड़ा वर्ग आहत हुआ है तथा उनके खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन हुए हैं, पुतले जलाये गये हैं और एफआई.आर. दर्ज की गई है, कोर्ट में याचिका भी लगा दी गई है




लेकिन सपा मुखिया स्वामी को पार्टी से निकालने का साहस नहीं दिखा सके क्योंकि इनका राजनैतिक अस्तित्व ही हिंदू समाज के अपमान और उसे जाति वर्ग मे बांटने में है। रामचरित मानस का अपमान करने वाले यह लोग भूल जाते हैं कि रामचरित मानस हिंदूओं के लिए एक पवित्र ग्रंथ है, जो लोग यह तर्क दे रहे हैं कि रामचरित मानस को करोड़ों लोग नहीं पढ़ते वह ये भूल जाते हैं कि राम भारत के कण कण में हैं वो मानस पढ़ें या ना पढ़ें उसका अपमान नहीं सह सकते हैं। रामचरित मानस हिंदू समाज के लिए एक आशीर्वाद है जिसके प्रभाव से उसका जीवन सरल होता है। रामचरित मानस हर हिंदू के मन मानस में है। संत तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना ऐसे समय में की थी जब भारत मुगलों के आधीन हो चुका था और हिंदू समाज मुगलों के भयंकर अत्याचारों से कराहते हुए घोर निराशा में डूबा हुआ था और उसे आशा की कोई किरण नहीं दिखाई पड़ रही थी। तुलसीदास जी ने लोकभाषा में रामकथा लिख कर हिंदू समाज को रामभक्ति की वो किरण दिखाई जिससे उसमें नई चेतना, स्फूर्ति, उमंग व उल्लास का प्रादुर्भाव हुआ ।जो लोग रामचरित मानस को नफरत फैलाने वाला व बकवास कहकर बैन करने की बात कह रहे हैं वह भूल रहे हैं हैं कि अगर आज मौर्य व निषाद जातियों की पहचान जनमानस के समक्ष है तथा उनका अस्तित्व बचा हुआ है तो उसका आधार रामचरित मानस ही है। निषाद राज केवट को कौन नहीं जानता? रामचरित मानस में भगवान राम के वनवास का काल दलितों व समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान का ही काल माना गया है ।रामचरित मानस में राम और केवट के संवाद से ही स्पष्ट हो जाता है कि भगवान राम में समाज के किसी भी वर्ग के प्रति कोई भेदभाव नही था ।भगवान राम ने वन में शबरी माँ के जूठे बेर खाये थे तो फिर यह रामचरित मानस कहां से नफरती हो गई ।भगवान राम ने अपने वनवास में समाज के सभी वर्गों भेंट और मित्रता स्थापित की और सभी को सम्मान देते हुए अपनी विजय यात्रा सम्पूर्ण की ।भगवान राम समन्वयकारी आचरण स्वभाव के थे और उन्होंने कहीं भी, कभी भी, किसी के साथ, किसी भी प्रकार का गलत व्यवहार नहीं किया तो रामचरित मानस नफरती और बकवास कैसे हो गया। रामचरित मानस एक ऐसा महान ग्रंथ है जो समाज के हर व्यक्ति को अच्छे संस्कार ही सिखाता है। भारत का प्रत्येक परिवार राम सा आदर्श पुत्र ही चाहता है जिसमें अपने माता दृपिता गुरू का सम्मान, भातृ प्रेम, त्याग और समन्वय जैसे गुण हों अतः रामचरित मानस का अपमान सम्पूर्ण भारतीयता और परिवार रूपी संस्था का भी अपमान है जिसे कोई भी स्वीकार्य नहीं करेगा। रामचरित मानस पर विदेशी विचारकों ने भी अपने विचार व्यक्त किये हैं सीएफ एंड्रयूज जो भारत में मिशनरी नीतियों के सम्बंधित काम कर रहे थे उन्होंने लिखा है कि रामचरित मानस में वर्णित प्रभु श्रीराम जी के चरित्र के चलते लोग हिन्दू धर्म के साथ काफी हद तक जुड़ चुके हैं। एक अन्य विद्वान जे एम मैकफी ने जब रामचरित मानस का अनुवाद किया तो उन्होंने इसे उत्तर भारत का बाइबिल कहा और कहा कि, यह आपको हर गांव में मिलेगी, इतना ही नहीं, जिस घर पर यह पुस्तक होती है उसके स्वामी का आदर पूरे गांव में होता है ।रामचरित मानस आज भी उसी प्रकार लोकप्रिय है ।रामचरित मानस पर खड़े किए जा रहे विवाद के बहाने भारतीय समाज को तोड़ने का एक बहुत बड़ा प्रयास किया जा रहा है जो एक बार फिर विफल ही होगा। आज रामचरित मानस पर जो हमला हो रहा है वह आगामी 2024 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए हो रहा है। यह एक बहुत खतरनाक राजनैतिक प्रयोग है क्योकि इन सभी आसुरी ताकतों को स्पष्ट हो गया है कि सनातन का नया केंद्र अयोध्या धाम होगा। यदि मानस के अपमान से क्षुब्ध लोग तुलसीदास के मन्त्र दृ "जाके प्रिय न राम बैदेही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम जद्दपि परम सनेही' को लेकर आगे बढ़ेंगे तो 2024 में ये रामद्रोही कहीं दिखाई नहीं पड़ेंगे।

## राष्ट्र के 74वे गणतंत्र दिवस पर अयोध्या पुलिस लाइन में जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर क्व्ळध्ैंच,अयोध्या आईपीएस मुनिराज के नेतृत्व में पुलिस लाइन में आयोजित भव्य परेड के मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा सलामी ली गयी एवं परेड के सभी अयोध्या पुलिस जवानों ने संविधान प्रस्तावना की शपथ ली। राष्ट्र के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित झंडारोहण समारोह संपन्न होने के उपरांत वीर जवानों को उनकी वीरता के लिए उन्हें सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, इसी क्रम में फायर सर्विस चालक रंगीलाल को अपने क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के उपलक्ष में उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर अमर शहीद पूर्वजों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महाराणा प्रताप, लाल बहादुर शास्त्री, छत्रपति शिवाजी महाराज, आजाद चंद्रशेखर जी को याद किया गया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर राष्ट्र के नवनिर्माण में संकल्पित होकर एकजुटता से प्रयास करने का आवाहन





किया गया। वक्ताओं ने वर्ण भेद, वर्ग भेद, जाति भेद को बुलाकर आपसी भाईचारा और सुमधुर व्यवहार आपस में निभाते हुए राष्ट्र की प्रगति में संलग्न होने की अपील की गई। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करने वालों में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रमुख रूप से देश के लिए अच्छे कार्य करने वालों एवं देश की प्रगति में योगदान देने वालों का धन्यवाद दिया और देश के विकास में एकजुट होकर सृजनात्मक ढंग से कार्य करने का संकल्प लिया।

# रंगारंग कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ अमर हॉस्पिटल का 74 वां गणतंत्र दिवस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या जिले में जहां एक ओर शहर से लेकर गांव तक सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों के अलावा अन्य प्रमुख प्रतिष्ठानों पर 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।वहीं शहर के अमानीगंज स्थित प्रतिष्ठित अमर हॉस्पिटल में 74 वां गणतंत्र दिवस विभिन्न राष्ट्रभक्ति गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लास पूर्वक सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में अमर हॉस्पिटल के चिकित्सक व प्रबंधक डॉ अरविंद खरे व प्रबंध निदेशक साधना खरे ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद राष्टगान होने के पश्चात अपने संबोधान में डाक्टर अरविंद खरे व प्रबंध निदेशक साधना खरे ने संयुक्त रुप से संबोधित करते हुये कहा कि आज गौरव का दिन है कि हम सभी देशवासी 74 वा गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। 26 जनवरी का दिन हम सभी लोगों को बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है।क्योंकि इस दिन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई संविधान के लागू हुआ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान से ही मनुष्य को अपना अधिकार व हक मिलता है।आज जो लोकतंत्र है वह संविधान की ही देन है।हमारा देश आज किसी भी राष्ट्र से पीछे नहीं हैं बल्कि आगे निरंतर विकास की ओर बढ़ता ही जा रहा है।इस मौके पर उन्होंने वहां पर इस चिकित्सालय से जुड़े सभी कर्मियों को गणतंत्र दिवस पर्व की हार्दिक बधाई दिया।उसके पश्चात मां सरस्वती के साथ साथ भारत माता के चित्र पर उन्होने माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।इसके बाद वहां पर आये छोटे छोटे



बच्चों व अन्य कर्मियो ने राष्ट्रगीत, लोकगीत व अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस मौके पर अमृत खरे, सत्यम श्रीवास्तव,वीरेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र पाण्डेय, डाक्टर लवकुश, डाक्टर पंकज वर्मा,अतुल पांडेय,राजेन्द्र यादव, पूजा,अंकित वर्मा,एन के सिंह,अंजनी भारी संख्या में चिकित्सक व मुहल्ले के लोग शामिल रहे।गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छोटे छोटे बच्चों व अमर हास्पिटल के कर्मियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।वही बीच–बीच में अमर हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ साधना खरे के अलावा चिकित्सक डॉ अरविंद खरे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए भी दिखे।अंत में डाक्टर अरविंद खरे व डाक्टर साधना खरे ने संयुक्त रुप से इस मौके पर उपस्थित आगंतुको के प्रति आभार जताया।

# एसएसपी माघ मेला डाक्टर मिश्र के कुशल नेतृत्व में बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मीडिया सेल माघ मेला प्रयागराज के मुताबिक प्रयागराज में संगम के तट पर आयोजित माघमेला के पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मॉ सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर गंगा,यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में शीत लहर व हल्की बरसात के बीच लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी।माघ मेला के चतुर्थ स्नान पर्व बंसत पंचमी पर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों का संगम की रेती पर जमावड़ा एक दिन पूर्व से ही प्रारम्भ हो गया, शुभ मुहूर्त के साथ ही संगम स्नान का सिलसिला प्रारम्भ हुआ जो सुबह हल्की बरसात के बीच दिनभर अनवरत जारी रहा। संगम स्नान के उपरान्त श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों ने लेटे हनुमान जी का दर्शन भी किया तथा अक्षय फल की कामना हेतु अन्न, वस्त्र, फल का दान भी किया। श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों में बरसात के मध्य संगम स्नान को लेकर काफी उत्साह देखा गया और प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां श्रद्धालुओं के बीच आकषर्ण का केन्द्र रही। इस दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस कर्मी, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एटीएस के कमाण्डों व्यवस्थापित किये गये। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ मोटर बोट व गोताखोरो की नियुक्ति कर स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र का लगातार निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा घाटों/जल पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी गयी। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे/ड्रोन व बॉडी वार्न कैमरा के माध्यम से चप्पे चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके अपने गंतव्य को वापस जाएं किसी भी संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगाये, मेले की सुरक्षा व स्वच्छता में हमारा सहयोग करे, मेले में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत मेला क्षेत्र में ही 05 स्थानों पर 'पार्किग' की समुचित व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि संगम में




आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज रमित शर्मा ‱ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र ‱, पुलिस अधीक्षक माघ मेला आदित्य कुमार शुक्ल लगातार मेला क्षेत्र में ही रहकर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित कराते रहे। इसी दौरान एक वृद्ध महिला जो गंगा स्नान के लिये अपने परिवार संग आई हुई थी पुल न.2 और पुल न.3 के बीच बने घाट पर स्नान के दौरान अचानक डूबने लगी जहा ड्यूटी पर तैनात मुख्य आरक्षी कामेश्वर राम,शैलेन्द सिंह,सूर्यभान के द्वारा तत्काल डूबती हुई महिला को बचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया परिजनों द्वारा डूबती हुई महिला का नाम जरोवती पत्नी सीताराम ग्राम जाफरापुर जिला प्रतापगढ़ का निवासी बताया गया। मेला क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सेवा का भाव भी पुलिस कर्मियों के व्यवहार से दिखाई दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला के द्वारा निरीक्षण के दौरान समस्त पुलिस कर्मियों की कुशलता ली गयी तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से लगातार मेला क्षेत्र पर सतर्क दृष्टि रखी गयी। बसंत पंचमी स्नान पर्व सकुशल व सुरक्षित सम्पन्न कराने हेतु मेला पुलिस के आला अफसर लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहें, तथा वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशलक्षेम पुछा गया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले में लगी प्रदर्शनी का भी लुत्फ उठाया। मेला क्षेत्र में नव निर्मित 07 खोया पाया केन्द्रों के माध्यम से भूले भटकों को उनके परिजनों से मिलाया जा रहा है। स्नानार्थियों में धर्म आस्था के प्रति काफी उत्साह देखने को पाया गया तथा मेले की व्यवस्था देखकर देश के कोने–कोने से आये श्रद्धालुओं ने अत्यन्त प्रसन्नता व्यक्त की।पुलिस बल के अथक प्रयासों के फल स्वरूप बसंत पंचमी का यह स्नान पर्व भी शान्ति और सुगमता के साथ सकुशल सम्पन्न हुआ।

# गणतंत्र दिवस पर एसएसपी माघ मेला ने पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक से किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह रेडियो शाखा प्रभारी माघ मेला को इनके द्वारा पुलिस विभाग में अतुलनीय एवं सेवाभिलेख के आधार पर किए गए कार्यों के दृष्टिगत गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।जिसे गणतंत्र दिवस पर्व पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन माघ मेला के प्रांगण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा प्रदान किया गया।इसके पूर्व रेडियो उपनिरीक्षक को वर्ष 2019 में माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा कुंभ सेवा पदक एवं वर्ष 2020 में सराहनीय सम्मान सेवा पदक प्रदान किया जा चुका है।इसी क्रम में गणतंत्र दिवस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नत हुए



अरुण कुमार पांडेय को फित्ती लगाकर मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नत होने की बधाई दी गई।

# डीएम ने उद्यमियों से खुले मंच पर किया संवाद : समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित विभाग को दिया गया निर्देश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के कार्यक्रम के श्रंखला में बुधवार को उपायुक्त उद्योग, अयोध्या द्वारा जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक, कार्यक्रम स्थल पर आयोजित की गयी, जिसमें जनपद के औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों व उद्यमियों से जिलाधिकारी द्वारा खुले मंच से संवाद किया गया एवं जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित विभाग को निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग, अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा एम0एस0एम0ई0 नीति–2022 एवं आगामी 01, फरवरी, 2023 को आयोजित इंवेस्टर समिट के बारें में विस्तार से बताया गया। बैठक में उपस्थित आर0एम0, यू0पी0सीडा एवं क्षेत्रीय अधिकारी, पर्यटन ने अपने–अपने विभाग की योजनाओं को खुले मंच से विस्तार से बताया। बैठक में उपस्थित आई0आई0ए0, अध्यक्ष के प्रतिनिधि एस0बी0 सिंह, आई0आई0ए0 के सचिव धीरज राजपाल एवं गद्दौपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष शंकर लाल जायसवाल तथा श्री अविनाश चन्द्र, लघु उद्योग भारती ने मंच से उद्यमियों की समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं समस्याओं का निस्तारण कर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव, अपर जिलाधिकारी अमित सिंह, ज्वाइंट मजिस्टेट विशाल सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग, जी0सी0गोड़ एवं जनपद के सम्मानित उद्यमी एवं उद्योग विभाग के समस्त कर्मचारी और अधिकारीगण उपस्थिति रहें।

# आर्मी स्कूल अयोध्या का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आर्मी पब्लिक स्कूल, अयोध्या का वार्षिकोत्सव 'आमोद' आज आर्मी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर के. रंजीव सिंह 'युद्ध सेवा मेडल' कमांडेंट डोगरा रेजिमेंटल सेंटर अयोध्या एवं कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती विभा सिंह अध्यक्ष, फेमिली वेलफेयर आर्गनाइजेशन, डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुब्बारों का आकाश की तरफ प्रक्षेपण से किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के सम्मान में आर्मी पब्लिक स्कूल के एनसीसी छात्रों द्वारा परेड निकाला गया और सलामी दी गई। परेड के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ धीरज श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम में उपस्थित सैन्य अधिकारी गण, सभी अभिभावकों एवं दर्शकों का विद्यालय की तरफ से हार्दिक स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय अपनी स्थापना वर्ष 1992 से लगातार उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। विद्यालय का विगत दो वर्षों का परिणाम भारत के आर्मी स्कूलों में बेहतरीन रहा है। इस अवसर पर उन्होंने आगामी वर्षों के लिए स्वीकृत योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा रामचरित मानस के छंद 'श्री राम चंद्र कृपालु भजमन' पर राम स्तुति प्रस्तुत की गई। जिसके बाद विद्यालय की छात्राओं के द्वारा मधुर स्वर में आह्लादित करने वाली पारंपरिक गढ़वाली गीत पर पारंपरिक गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत छोटे बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस परेड किया गया। फैंसी ड्रेस परेड के पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा 'नवराई माझी मराठी लोक गीत पर लोक नृत्य' प्रस्तुत किया गया। बंगाल की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की छात्राओं द्वारा 'लाल पहाड़ी देशे जा बंगाली' गीत पर लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। अपने मधुर स्वर से फिल्म उद्योग और श्रोताओं पर पचास वर्षों से ज्यादा समय से राज करने वाली स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि देते हुए उनके विगत वर्षों में गाए गए कुछ लोकप्रिय गीतों का गायन विद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। सीबीएसई की राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में खिताब जीतकर सभी विद्यालयों में आर्मी स्कूल, अयोध्या को प्रथम स्थान दिलाने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर के रंजीव सिंह 'युद्ध सेवा मेडल' के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती विभा सिंह द्वारा विद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव के विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में खिताब जीतने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं और अध्यापकों को बेहतरीन प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की भावी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन के पूर्व बांसुरी की धुन पर राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए इस कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डोगरा रेजीमेंटल सेंटर के डिप्टी कमांडेंट कर्नल सौरभ साह, विद्यालयके स्टाफ आफिसर कर्नल ए. एस नेगी विद्यालय की उप प्रधानाचार्या कुसुम सिंह, डॉ महेश श्रीवास्तव, डॉ सुनीता पांडे, भरत भूषण मेहता, रमा मिश्रा, प्रीति मनूचा श्री वीके राय, कुलदीप यादव श्री केके श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजीव खत्री, राज भूषण दूबे, भावना रस्तोगी, भारती श्रीवास्तव सविता कंवर, आकृति मखेजा, श्री ईश्वर चंद्र तिवारी, प्रियदर्शिनी, डॉ रेखा तिवारी, श्रीमती प्रियंका सिंह, प्रियंका पांडेय, श्री प्रभात कुमार, श्री संजय सरीन, सौरव श्रीवास्तव, श्री विकास जायसवाल समेत विद्यालय के समस्त अध्यापक गण, कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के छात्र अनिकेत और छात्रा ऐशानी.के द्वारा किया गया।

# विज्ञान क्लब द्वारा नव प्रवर्तकों के लिए नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में जिला विज्ञान क्लब अयोध्या द्वारा आयोजित असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों के लिए नव प्रवर्तन प्रदर्शनी के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें जिले के विभिन्न नव प्रवर्तकों ने प्रतिभाग किया।जिसमें नव प्रवर्तकों ने अपने नवीनतम आविष्कारों से प्रायोजकों का मन मोह लिया। वही किसानों ने जैविक खेती करने जैविक खाद बनाने के नए तरीकों से लोगों को अवगत कराया।इस अवसर पर निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। और श्रेष्ठ प्रवर्तन को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में प्रथम पुरस्कार राज बहादुर वर्मा को पावर स्प्रेयर बनाने के लिए द्वितीय पुरस्कार राज नयन मिश्रा अंडे से चूजे पैदा करने की मशीन तृतीय पुरस्कार राम लौट वर्मा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिए दिया गया। वहीं जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने गणतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी और बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम था। देश को आगे ले जाने के लिए मतदान जरूर करें जो 18 साल की आयु के बच्चे बच्चियां है। वह मतदान में प्रतिभाग करें उनका वोटर कार्ड बने यह सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम था।और एक कार्यक्रम उद्योग बंधुओं का था। जिसमें हम लोगों ने इंडस्ट्री के लोगो के साथ बैठकर बातें करा कि किस तरह से हमारे जनपद में इन्वेस्टमेंट बेहतरी ला सकें। व्यापारियों को क्या समस्या आ रही और सरकार की सारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना। और उन योजनाओं से लाभान्वित करना यह सबसे बड़ा उद्देश्य था। वहीं नीतीश कुमार ने कहा कि ये खादी ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी है इसमें जो आर्टिजन है हमारे उन लोगों ने यहां पर प्रदर्शनी लगाई है।वही विज्ञान वर्ग के द्वारा किसानों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी जिसमें विज्ञान विधि से अंडे से चूजे निकालने वाली प्रदर्शनी की सराहना की और कहा कि उन्होंने अभी तक 70 मुर्गी के चूजे निकाले हैं और उन्होंने जो विधि से निकाले हैं वह बहुत ही कम पैसे में प्रोजेक्ट बनाई गई। इसी तरह की विधियों को हम लोगों को बढ़ावा देना चाहिए। और अपने ज्ञान का साझा करें ताकि और भी लोग ज्ञान ले सके। और इस विधि का लाभ उठा सकें इस विधि को बढ़ाने की और प्रचार–प्रसार करने की जरूरत है।

# चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता है जरुरी – भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्नातक एमएलसी को लेकर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि चुनाव में सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपनी है। प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता जरुरी है। एक प्लान बनाकर युद्ध स्तर पर अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षकों व समाज के प्रबुद्ध वर्ग से सम्पर्क स्थापित करना प्रारम्भ कर दें। उन्होने कहा कि प्रत्येक मतदान केन्द्र को आधार बनाकर हमें प्रचार करना है। प्रत्येक मतदाता से हमें सम्पर्क व संवाद करना है। इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाय। सम्पर्क के दौरान केन्द्र व प्रदेश की उपलब्धियों की जानकारी मतदाताओं को प्रदान करें। चुनाव प्रचार में सामूहिकता का समावेश हो। प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता द्वारा जिम्मेदारियों का निर्वाहन अति आवश्यक है। कार्यक्रम की शुरुवात पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के माध्यम से किया। उन्होने चुनाव के सन्दर्भ में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। महानगर अभिषेक मिश्रा ने महानगर व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने जिला की उपस्थिति व वृत्त दिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता, सांसद लल्लू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, अमित सिंह चौहान, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी, महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्र, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, राघवेन्द्र पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, सर्वजीत सिंह, दिनेश वर्मा, शत्रुहन मोदनवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूरा बाजार अयोध्या थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम दुगवा निवासी यीशू पांडे 15 वर्ष पुत्र प्रभाकर पांडे विगत 22 जनवरी 2022 को ग्राम मडना के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे यीशू बाइक पर बैठकर पूरा बाजार आ रहे थे यीशू पांडे बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार मे कक्षा 10 का छात्र था। यीशू पांडे के पड़ोसी प्रभाकर पांडे ने बताया कि इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर में भर्ती कराया गया था हालत में सुधार न होने के कारण लखनऊ ले जाया गया जहां आज भोर में 25 जनवरी को निधान हो गया मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया मृतक के घर दुगवा मे गांव वालों की भीड़ जमा हो गई छात्र के निधन की सूचना मिलते ही बच्लू इंटर कॉलेज पूरा बाजार में शोक सभा की गई प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह ने बताया कि यीशू होनहार छात्र था उसके निधान पर विद्यालय परिवार काफी दुखी है शोकसभा में यीशू की आत्मा की शांति के लिए शिक्षकों व छात्रों ने दो मिनट का मौन रखा।

## इलेक्ट्रो होमियोपैथी प्रैक्टिसनर्स एसोसिएशन युवा मंच अयोध्या ने मनाया गणतंत्र दिवस पर्व

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को 74 वां गणतंत्र दिवस पर्व पर सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों के साथ साथ निजी संस्थानों व स्कूलों पर शान से तिरंगा झंडा लहराया।वही इलेक्ट्रो होमियोपैथी प्रैक्टिसनर्स एसोसिएशन युवा मंच अयोध्या पदाधिकारियों द्वारा 74 वें गणतंत्र दिवस पर शान से देवकाली बेनीगंज संपर्क मार्ग निकट देवकाली मंदिर के समीप स्थित ऊं होम्यो हाल पर फहराया गया।इस संबंध में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस मौके पर पर डॉ मनोज सैनी, डॉ सुजीत मौर्य, डॉ अजय तिवारी, डॉ अनूप तिवारी, डॉ सुशील, डॉ पवन वर्मा, डॉ शशिकांत, डॉ दयाशंकर मौर्य, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ पवन श्रीवास्तव, डॉ अशोक, डॉ आलोक श्रीवास्तव, डॉ वीरेन्द्र सिंह, डॉ स्वतंत्र त्रिपाठी, डॉ तपन चौधरी, डॉ अशोक वर्मा, डॉ अजय गौड़, डॉ मोहम्मद तय्यब अंसारी सहित दो दर्जन से अधिक इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहे।

# हरे बंधन व अगोला को लेकर मिल प्रबंध तंत्र कर रहा है किसानों का शोषण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) के एम शुगर मिल मोती नगर अयोध्या के मिल प्रबंध तंत्र द्वारा किसानों के गन्ने में अगोला और हरे बंधन पर किसानों का जमकर शोषण कर रहा है बता दें कि जिन किसानों का गन्ना हरे बंधन से बाधा हो या अगोला दिखाई देने पर मिल कर्मचारी किसानों की ट्राली साइड में खड़ी करा देते हैं और गन्ना लदी ट्राली को वापस ले जाने की बात कह कर तौल नही करते है ऐसी स्थिति में किसान घबरा जाता है और मिल प्रबंध तंत्र से मिन्नतें करने लगता है तो मिल प्रबंध तंत्र कहता है कि या तो पीली पर्ची ले लो उसमें एक कुंतल पीछे 4– 5 किलो कटौती की जाएगी और सट्टा लॉक कर दिया जाएगा मिल प्रबंधन तंत्र की ये बातें सुनकर किसान और घबरा जाता है तो मिल प्रबंध तंत्र कहता है कि कुछ नगदी दे दो तो गन्ने की तौल करेंगे और सट्टा लाख नहीं किया जाएगा (मरता सो क्या न करता) की कहावत को चरितार्थ करते हुए किसान पैसा देने को तैयार हो जाता है तो उसकी तौल हो जाती है और जो किसान पैसा नहीं देता है उसको पीली पर्ची देते हैं और उसका सट्टा लॉक कर देते है इस तरह किसानों का जमकर शोषण कर रहे है मिल कर्मचारी।

# ध्वजारोहण मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया सांस्कृति कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 74वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर कंपोजिट स्कूल खंडासा में स्वतंत्रता अंदोलन देश की सुरक्षा के लिए शहीद हुए वीर सपूतो को याद करते हुए ध्वजारोहण किया।मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक बजरंग बहादुर सिंह व रमेश कुमार यादव चंदशेखर आजाद जैसे वीर सपूतो को याद करते हुए कहा कि भारत की आजादी मेआजाद हिंद से लेकर हमारे पूर्वजो ने अविस्मरणीय कुर्बानियां दी हैं। नेता सुभाष चन्द्र बोस महात्मा गांधी वीर सवारकर जैसे वीरो की धरती है। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर ज्योति प्रज्वलित किया। शिक्षक व शिक्षिकाओ के निर्देशन मे छात्र छात्राओ ने देश भक्ति सास्कृतिक कार्यक्रम का नाट्य रुपांतर किया। इस मौके पर सहायक अध्यापक व अध्यापिका विजय शंकर त्रिपाठी महेंद्र सिंह डॉ राजेंद्र प्रसाद मौर्य कमलेश चौरसिया सुरेश पटेल मनोज यादव पी एन यादव बहुत सागर शुक्ला सूर्यभान यादव पूजा सिंह श्वेता सिंह सुकृति सिंह ममता वर्मा मायावती यादव मालती देवी आदि उपस्थित रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।